MITSUBISHI ELECTRIC
Changes for the Better

व्यवसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरणीय नीति

मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
फैक्ट्री ऑटोमेशन एंड इंडस्ट्रियल डिवीज़न

''मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड'' में हम अपने परिसर में कर्मचारियों और अन्य कर्मियों को काम करने का सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने और निम्नांकित दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए अपनी सभी व्यवसायिक गतिविधियों से पर्यावरण पर होने वाले असर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं:

1. ओएच एंड एस और ई एम एस उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एक रूपरेखा तैयार करना।
2. इच्छुक पक्षों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ओएच एंड एस और ई एम एस प्रदर्शन की निगरानी और समीक्षा करना।
3. ओएचएसएमएस और ईएमएस से संबंधित सभी लागू वैधानिक तथा अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन करना।
4. निरंतर संवाद, प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियों के माध्यम से सभी कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता के स्तर में सुधार करना।
5. स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का प्रबंधन करना और उसमें लगातार सुधार करना, जिससे इनका प्रदर्शन बेहतर हो सके।
6. ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और अपशिष्ट उत्पादन को कम करने के लिए सक्रिय रहते हुए नए विकल्प ढूँढना और इनसे संबंधित उपायों को लागू करना।
7. व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी खतरों और जोखिमों को दूर करने तथा कम करने के लिए अधिक सुरक्षित और अधिक स्वच्छ कार्य प्रक्रियाओं को अपनाना।
8. ई एच एस के प्रदर्शन में सुधार के संबंध में कर्मचारियों की ओर से परामर्श और उनकी भागीदारी को सुगम बनाना तथा इस बारे में उन्हें प्रतिक्रिया देने हेतु प्रोत्साहित करना।
9. सभी कर्मचारियों और बाहरी हितधारकों तक यह नीति को प्रभावी ढंग से पहुँचाना।

प्रत्येक एम ई आई कर्मचारी, सेवा प्रदाता और कार्यस्थल पर कार्यरत अन्य सभी कर्मियों से निम्नांकित की अपेक्षा है :

- सुरक्षा संबंधी अत्यावश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करना और अपने कार्यस्थलों पर ई एच एस जोखिम कम करने की संभावनाएँ ढूँढना तथा कम करने हेतु प्रयास करना।
- सुरक्षित कार्य पद्धतियों और एम ई आई ई एच एस आवश्यकताओं का पालन करना।

स्थान : पुणे
दिनांक : 01.04.2024

एस. श्रीराम
डायरेक्टर